Thirteenth Loksabha

Session : 13
Date : 06-08-2003

Participants : Giluwa Shri Laxman

Title: Need to revive mines in Singhbhum Parliamentary Constituency, Jharkhand.

श्री लक्ष्मण गिलुवा (सिंहभूम) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र सिंहभूम कई खनिज सम्पदाओं से भरपूर है। कई जगह पर खनिज कार्य चल रहा है, लेकिन आयरन की लगभग 20 खानों पर न जाने क्यों काम बंद कर दिया गया है। इनका सर्वे करवाकर जल्द शुरू करवाना चाहिए, जिससे कि यहां के आदिवासी एवं गरीब लोगों को नौकरी के लिए दूसरे क्षेत्रों में पलायन न करना पड़े। साथ ही यहां पर खनिज और वन सम्पदा पर आधारित उद्योगों को भी खोला जा सकता है, जिससे यहां के लोगों को जीविका प्राप्त हो सके। दूसरी ओर इस क्षेत्र का औद्योगिक विकास करने में भी सहायता मिल सके।

मेरा सदन के माध्यम से अनुरोध है कि इन बंद खानों का सर्वे करवाकर इन्हें खोला जाए और इस संसदीय क्षेत्र में वन एवं खनिज आधारित उद्योग शीघ्र खोला जाए।